माँ तेरा दीदार | By Rajan Mor |

मेरी अखियाँ तरस गई
माँ तेरा दीदार पाने को
मैं भगत दीवाना तेरा
दिखा दूँगा ज़माने को
मेरी अखियाँ तरस गई
माँ तेरा दीदार पाने को ॥

बड़े प्यार से तेरी चौकी सजाई
आकर बैठो महारानी
जो भी रूखा-सूखा बनाया
भोग लगा अंबे रानी
मेरी श्रद्धा जुड़ी है तुझसे
आ दर्शन दिखाने को
मेरी अखियाँ तरस गई
माँ तेरा दीदार पाने को ॥

माँ तेरी लगन में डूबा रहूँगा,
जब तक है साँसों में दम
जितना चाहे ले ले इम्तिहान
फिर भी आस न होगी कम
ये मन विचलित हो रहा
आ कुछ समझाने को
मेरी अखियाँ तरस गई
माँ तेरा दीदार पाने को ॥

कोई चढ़ाए सोना चाँदी
हीरे और मोती अनमोल
मेरे पास माँ कुछ भी नहीं,
बस भगत लगन के मीठे बोल
मैं निर्धन तेरा लाल हूँ
आ दया बरसाने को
मेरी अखियाँ तरस गई
माँ तेरा दीदार पाने को ॥

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-rajan-mor/